दिन–सोमवार दिनांक– 02 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

राज्य सरकार ने जातीय गणना का आंकड़ा जारी कर दिया है। आज पटना में प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने आंकड़े जारी किये। उन्होंने बताया कि राज्य की कुल जनसंख्या तेरह करोड़ सात लाख पच्चीस हजार तीन सौ दस है। इसमें सबसे अधिक अति पिछड़ा वर्ग की आबादी है, जो कुल जनसंख्या का छत्तीस दशमलव शून्य एक प्रतिशत है। वहीं, पिछ़ड़ा वर्ग की आबादी सत्ताईस दशमलव एक–दो प्रतिशत है। अनुसूचित जाति की जनसंख्या उन्नीस दशमलव छह–पांच और अनुसूचित जनजाति की एक दशमलव शून्य छह प्रतिशत है। सामान्य वर्ग की आबादी पंद्रह दशमलव पांच दो प्रतिशत है। जातीय आंकड़ों में कहा गया है कि राज्य में यादव जाति की आबादी सब से अधिक चौदह दशमलव दो छह प्रतिशत है। वहीं, रविदास की पांच दशमलव दो, कोईरी की चार दशमलव दो, ब्राह्मण की तीन दशमलव छह पांच और राजपूत जाति की आबादी तीन दशमलव चार–पांच प्रतिशत है। इसी तरह मुसहर जाति की आबादी तीन दशमलव शून्य–आठ, भूमिहार की दो दशमलव आठ–छह, कुर्मी की दो दशमलव आठ, मल्लाह की दो दशमलव छह, बनिया की दो दशमलव तीन एक और कायस्थ जाति की आबादी शून्य दशमलव छह प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार राज्य की कुल आबादी का कुल इक्यासी दशमलव नौ–नौ प्रतिशत हिन्दू धर्म को मानता है। मुस्लिम धर्मावलंबियों की संख्या सत्रह दशमलव सात प्रतिशत है। इसाई कुल आबादी के शून्य दशमलव शून्य पांच सात और सिख शून्य दशमलव शून्य एक–एक प्रतिशत हैं। इसी तरह बौद्ध धर्म मानने वालों की संख्या शून्य दशमलव शून्य आठ पांच और जैन धर्म मानने वालों की संख्या शून्य दशमलव शून्य शून्य नौ प्रतिशत है। शून्य दशमलव एक दो सात प्रतिशत लोग अन्य धर्मों को मानते हैं। जबकि शून्य दशमलव शून्य शून्य एक छह प्रतिशत आबादी किसी धर्म को नहीं मानती है।

राज्य की कुल जनसंख्या में छह करोड़ इकतालीस लाख इकतीस हजार नौ सौ नब्बे पुरूष जबकि छह करोड़ ग्यारह लाख अड़तीस हजार चार सौ साठ महिलाएं हैं। तीसरे लिंग की संख्या आठ सौ पच्चीस है। इस गणना के अनुसार राज्य में एक हजार पुरूष पर महिलाओं की आबादी नौ सौ तिरेपन है। राज्य में दो करोड़ तिरासी लाख

चौवालीस हजार एक सौ साठ परिवार हैं। सर्वे के अनुसार तिरेपन लाख बहत्तर हजार बाईस लोग बिहार से बाहर रहते हैं।

———————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी एक सौ चौवनवीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली में राजघाट स्थित बापू की समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधी जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों ने दुनिया के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया। अपने संदेश में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि स्वतंत्रता और समानता के लिए बापू की निरंतर खोज न केवल भारत के लिए, बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए एक प्रेरणा बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी की कालजयी शिक्षाएं हमारा मार्गदर्शन करती रहती हैं। श्री मोदी ने आशा जतायी कि उनके विचार प्रत्येक युवा को उस परिवर्तन का वाहक बनने में सक्षम बनाएंगे जिसका उन्होंने सपना देखा था, जिससे सर्वत्र एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा।

——————————————————————————

इधर, प्रदेश में मुख्य समारोह पटना के गांधी मैदान में आयोजित किया गया जहां राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें याद कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन शास्त्रीनगर पार्क में किया गया जहां राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————

मॉनसून की सक्रियता के चलते पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में अच्छी बारिश हुयी है। कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग के अनुसार नवादा के हिसुआ में सबसे अधिक एक सौ

एक दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, भोजपुर, रोहतास, औरंगाबाद, कैमूर, गया, नवादा, जमुई, मुजफ्फरपुर, सुपौल और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

———————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।